मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा, सपा सरकार में शादी अनुदान की आधी रकम बिचौलिये खा जाते थे

डेढ़ करोड़ श्रमिकों के खाते में भेजा भत्ता

तोहफा

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

सपा सरकार में सरकारी धन की लूट-खसोट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शादी अनुदान की राशि को भी विचौलिये खा जाते थे। हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक शादी कार्यक्रम का आयोजन कर इस लूटखसोट को बंद किया। यही नहीं गरीब कन्या की शादी में मिलने वाली 20 हजार की राशि को बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया। प्रदेश के डेढ़ करोड़ श्रमिकों के खाते में दो महीने का भरण-पोषण भत्ता भेजते के साथ ही सफाई कर्मियों को भी इस योजना में शामिल करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को 1.5 करोड़ संगठित-असंगठित श्रमिकों को धनराशि स्थांतरित करने के दौरान श्रमिकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के डेढ़ करोड़ से ज्यादा संगठित व असंगठित श्रमिकों को सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान भरण पोषण भत्ता देने का काम हमारी सरकार कर रही है। पहली बार श्रमिकों के बारे में चिंता करने वाली सरकार है चाहे व केन्द्र हो या प्रदेश की सरकार। वर्ष 2017 के पहले श्रमिक शोषण का शिकार होता था, शासन की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलता था। न राशन कार्ड होता था न कोई ठिकाना। बारिश के दिनों में भूखा रहना पड़ता था क्योंकि रसोई गैस नहीं थी। बीमार हो जाए तो संकट खड़ा हो जाता था क्योंकि उपचार की कोई व्यवस्था नहीं थी लेकिन मोदी सरकार में सबका साथ और सबका विकास का नारा चरितार्थ हो रहा है।

'श्रमिकों व उनके बच्चों के भविष्य के लिए कर रहे काम'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कू' कर कहा है कि उनकी सरकार श्रमिकों के साथ ही उनके बच्चों के भविष्य के लिए काम कर रही है। उन्होंने ब्लागिंग एप 'कू' पर कहा कि वह संगठित और असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों का आश्वस्त करते हैं कि प्रदेश सरकार उनकी उन्नति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वह न सिर्फ श्रमिक के जीवन व जीविका को बचाने के लिए उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश में 40 लाख श्रमिक-कामगार वापस आए थे तो लोग सोचते थे कि क्या करेंगे लेकिन सरकार ने सभी को घर में ही काम दिया है।

156 दिनों में सौ बार से अधिक जिलों में पहुंचे सीएम

चुनाव आयोग की आचार संहित लगने से पहले मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ताबड़तोड़ जिलों का दौरा कर विकास योजनाओं को लोकार्पण व शिलान्यास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पिछले साल अगस्त माह से लेकर तीन जनवरी तक 156 दिनों में सौ से ज्यादा बार जिलों का दौरा कर चुके हैं।

प्राकृतिक खेती से लागत दस गुना तक कम करें

सीएम योगी ने कहा, प्राकृतिक खेती से कृषि लागत पांच से दस गुना कम की जा सकती है। मुख्यमंत्री सोमवार रात कृषक समृद्धि आयोग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग के सदस्यों के सुझावों पर कार्यवाही करके प्रगति से अगली बैठक में अवगत कराया जाए।

नाईक के सुझाव पर इलाहाबाद का नाम प्रयागराज रखा गया

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व राज्यपाल रामनाईक की सराहना करते हुए कहा है कि उन्होंने संसद में राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के गायन और हर एक सदस्य के लिए अनिवार्य किए जाने से कई अहम सुझाव दिए। उन्हीं के सुझाव पर इलाहाबाद का नाम प्रयागराज किया गया।

सीएम ने सोमवार को 'कर्मयोद्धा राम नाईक' तथा 'हृदय नारायण दीक्षित रचनावली' एवं विधान मंडल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित अन्य पुस्तकों का विमोचन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 'कर्मयोद्धा राम नाईक' पुस्तक उनकी जीवन्तता व सक्रियता के साथ उत्तर प्रदेश व समाज के प्रत्येक पहलू पर उनकी गहरी पैठ को व्यक्त करती है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश, काल और परिस्थिति के अनुरूप अपने साहित्य को समाज और युग के अनुकूल बनाने का काम किया है। हृदय नारायण दीक्षित ने इस समय देश में सिर्फ दो शब्द की चर्चा चल रही है, पहला मोदी, दूसरा योगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सांस्कृतिक भावबोध से जुड़ने वाले उत्तर प्रदेश के एकमात्र नेता हैं।